**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 10 दिसंबर 2024, समय 1810 (10 मिनट)**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा के लिए समान डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करने का आह्‌वान किया।**
- **स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के सातवें संस्करण का ग्रैंड फिनाले कल देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा।**
- **केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत ने कहा कि कुरुक्षेत्र के पावन धरा पर भारत की पौराणिक संस्कृति, संस्कारों और विचारों को फिर से पुनर्जीवित करने के लिए अपार संभावनाएं हैं।**
- **हरियाणा की राज्यसभा सीट के लिए होने वाले उप-चुनाव के लिए बीजेपी प्रत्याशी रेखा शर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।**
- **हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि केंद्र और हरियाणा सरकार किसानों के लिए कार्य कर रही है।**
- **हरियाणा सिख गुरुद्‌वारा प्रबंधक समिति के चुनाव के लिए कार्यक्रम जारी मतदान 19 जनवरी को होगा।**

**************************************************************************

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए समान डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करने का आह्‌वान किया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग की चुनौतियां सुरक्षित, चिंता मुक्त और समान डिजिटल माहौल के महत्व को उजागर करती हैं।**

**मानवाधिकार दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नई चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग परिवर्तनकारी है, लेकिन इससे साइबर बुलिंग, डीप फेक, गोपनीयता संबंधी चिंताएं और गलत सूचना के प्रसार जैसे मुद्‌दे भी सामने आये हैं।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत ने गरीबी और भुखमरी को समाप्त करने तथा युवाओ को समान अवसर प्रदान करने के लिए नीतियां लागू कर के दुनिया के सामने उदाहरण पेश किया है। राष्ट्रपति ने कहा–

*<u>हमें प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को बनाए रखना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे ना छूटे एक साथ निरंतर एकजुटता के माध्यम से हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं जिसमें हर व्यक्ति उम्र, प्रष्ठभूमि या परिस्थिति की चिंता किए बिना समान अवसर और पूर्णता का जीवन जीने के लिए स्वतंत्र है।</u>*

राष्ट्रपति ने मानवाधिकार उल्लंघनों को दूर करने, जागरूकता लाने और हाशिए पर मौजूद लोगों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए नीतिगत बदलावों की सिफारिश करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सराहना की।उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के तीन प्रकाशनों का विमोचन भी किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष विजया भारती सयानी ने कहा कि मानवाधिकार दिवस हर व्यक्ति के मौलिक अधिकारों की याद दिलाता है, चाहे उनकी पहचान या पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

*********************************************************************

हरियाणा मानव अधिकार आयोग के सदस्य दीप भाटिया ने कहा है कि आयोग हरियाणा के सभी निवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए कृतसंकल्प है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में लोगों को मानव अधिकार दिवस की बधाई देते हुए श्री भाटिया ने कहा -

2-बाइट -दीप भाटिया

उन्होंने मानव अधिकारों की रक्षा क् लिए सभी को एक साथ आने का आह्वान किया।

*********************************************************************

अम्बाला छावनी के आर्य कन्या महाविद्यालय में आज विश्व मानव अधिकार दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. पंकज धांगड़ ने छात्राओं को बताया कि इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का विषय "हमारे अधिकार, हमारा भविष्य अभी" है। यह विषय मानवाधिकारों के महत्व पर बल देता है और लोगों को अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करता है।

*********************************************************************

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के सातवें संस्करण का ग्रैंड फिनाले कल देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। इस ग्रैंड फिनाले में 13 सौ से अधिक विद्यार्थी टीम भागीदारी करेंगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ग्रैंड फिनाले में युवा नव प्रवर्तकों के साथ बातचीत करेंगे और सभा

को संबोधित करेंगे।इस वर्ष 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों और उद्योगों ने 250 से अधिक समस्या संबंधी वक्तव्य जमा कराए हैं। इस राष्ट्रव्यापी प्रतिस्पर्धा के लिए संस्थान स्तर पर इस बार स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में 86 हजार से अधिक टीम भाग ले रही हैं। इन संस्थानों द्वारा लगभग 49 हजार विद्यार्थी टीम की अनुशंसाएं की गई हैं।

****************************************************************************

प्रादेशिक समाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे है ।हमारे राष्ट्रीय बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लोग-इन कर सकते है।

**************************************************************************

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत ने कहा कि भारत की पौराणिक संस्कृति, संस्कारों और विचारों को पुनर्जीवित करने के लिए कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर अपार संभावनाएं है।श्री शेखावत आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित पहले अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर कुरुक्षेत्र की पावन धरा से पूरे विश्व को आस्था के साथ-साथ ऐतिहासिक और वैज्ञानिक दृष्टि से भी समझाया जा सकता है। इसलिए देश की भावी पीढ़ी को आस्था के साथ जोड़ने के लिए देश के सभी संतों और विद्वानों को बार-बार एक मंच पर बैठकर मंथन करना होगा।इस दौरान सभी संत जनों ने संकल्प भी लिया कि बांग्लादेश में हिंदुओं और मंदिरों की रक्षा के लिए गीता जयंती दिवस पर गीता श्लोकों को समर्पित किया जाएगा।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से देश में काशी, केदारनाथ, उज्जैन, जगन्नाथ जैसे मंदिरों को भव्य और सुंदर बनाया गया है। इससे देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का काम हुआ है।

**********************************************************************

हरियाणा की राज्य सभा सीट के लिए होने वाले उप-चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी रेखा शर्मा ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।श्रीमती रेखा शर्मा राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हैं।उन्होंने विधान सभा सचिवालय में निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार मीणा को अपना नामांकन पत्र सौंपा।इस अवसर पर उनके साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल व अन्य मौजूद रहे।यह सीट श्री कृष्ण लाल पंवार के इस्तीफे के बाद खाली हो गई थी।उन्होंने विधायक चुने जाने के बाद राज्यसभा सांसद के पद से त्यागपत्र दे दिया था।नामांकन दाखिल करने के बाद श्रीमती रेखा शर्मा ने विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण से शिष्टाचार भेंट की।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि केंद्र और हरियाणा सरकार लगातार किसानों के कल्याण के लिए काम कर रही है। आज चंडीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार रेखा शर्मा के राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि वह किसानों की समस्याओं से परिचित हैं।

**3-बाइट –मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी**

**श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार उनकी समस्याओं के निवारण के लिए काम कर रही है।हरियाणा में पिछले 10 सालों में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी फसल के सवा लाख करोड़ रुपये के दिए गए हैं। धान, बाजरा, मूंग के किसानों को 14,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं। वहीं सूखा प्रभावित किसानों को 800 करोड़ रुपये दिए गए हैं।**

******************************************************************************

**हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रथम आम चुनाव के लिए आज कार्यक्रम जारी कर दिया गया। मतदान आगामी 19 जनवरी को होगा ।गुरुद्वारा चुनाव आयुक्त न्यायमूर्ति एच.एस भल्ला ने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 18 दिसंबर को नामांकन आमंत्रित करने के लिए सूचना प्रकाशित की जाएगी। नामांकन 20 से लेकर 28 दिसंबर तक भरे जाएंगे। 30 दिसंबर को नामांकन पत्रों की छंटनी होगी, नामांकन 2 जनवरी को बाद दोपहर 3 बजे तक वापस लिए जा सकेंगे। उसी दिन चुनाव चिन्ह कर दिए जाएंगे। अगर आवश्यक हुआ तो 19 जनवरी को सुबह 8 बजे से लेकर सायं 5 बजे तक मतदान होगा । मतदान के तुरंत बाद बूथ पर ही मतगणना कराई जाएगी।**

******************************************************************************